# युवा संसदः सोशल मीडिया पर आयु प्रतिबंध और आरक्षण संशोधन को लेकर एकमत



## शासकीय विधि महाविद्यालय में हुआ आयोजन, पांच कॉलेज की आठ टीमें शामिल

छिंदवाड़ा| विद्यार्थियों को लोकतंत्र को मजबूत करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित कराने शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में अंतर महाविद्यालय युवा संसद 2026 का आयोजन किया गया। आयोजन में पांच महाविद्यालय की आठ टीमें शामिल हुई। सदन में सोशल मीडिया आयु प्रतिबंध एवं पालक नियंत्रण 2026 पर चार विधेयक प्रस्तुत किए गए।

व्यक्तित्व विकास एवं करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत युवा संसद में सोशल मीडिया पर आयु प्रतिबंध और आरक्षण संशोधन पर सभी युवा प्रतिभागी एकमत नजर आए। एक विधेयक सरकारी योजनाओं के दुरूपयोग पर दंडात्मक प्रावधान विधेयक 2026 और तीन विधेयक आरक्षण संशोधन के लिए सदन के पटल पर रखे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कमलाकर मोटघरे ने किया। सदन की अध्यक्षता कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ यूके शुक्ला ने की। निर्णायक मंडल में पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस के प्रोफेसर डॉ.पीएन सनेसर एवं शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार चौरासे शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दमयंती कटरे ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी राकेश कुमार कोष्टी, सह संयोजक डॉ.स्नेहा कुमारी, कमलेश चरपे, अशोक यादव, तरुण यादव, तरुण देशमुख, कीर्ति कोवरे, ज्योति बाक्सर और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ये युवा सांसद हुए पुरस्कृत

सर्वश्रेष्ठ सांसद- अमृता सनोडिया लॉ कालेज छि.
सर्वश्रेष्ठ प्रतिपक्ष- प्रदीप सिंह बघेल, यूटीडी छिंदवाड़ा
सर्वश्रेष्ठ वक्ता- देवीराम भलावी यूटीडी छिंदवाड़ा
सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता - आयुष ए प्रसाद यूटीडी छिंदवाड़ा
शालीन सांसद- कल्पना उइके, सतपुड़ा लॉ कालेज छिंदवाड़ा
सर्वश्रेष्ठ विधेयक- आरक्षण संशोधन विधेयक यूटीडी छिं.
सर्वश्रेष्ठ महिला वेशभूषा- जुहा अंसारी पीजी कालेज छिंदवाड़ा
सर्वश्रेष्ठ पुरुष वेशभूषा- मुकेश खटीक यूटीडी छिंदवाड़ा
अध्यक्षीय पसंदीदा सांसद- अश्विनी धुर्वे, डीडीसी छिं.